सुविचार

किसी के सामने पैसो का अभिमान ना दिखाए कई आये और निकल गये इस दुनिया से।

दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

न रिश्वत लें, न रिश्वत दें

वर्षः 11 ● डिजिटल अंक : 128 ● मुंबई, रविवार 05 जनवरी-2025 ● प्रधान सम्पादकः पवन जैन पदमावत ● पृष्ठ : 02 ● मूल्य : 000 ● निःशुल्क ●

## खबर संक्षेप

### रंगशाला में 'गधे की बारात' नाटक आज

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** पश्चिम क्षेत्र सास्कृतिक केंद्र उदयपुर द्वारा आयोजित मासिक नाट्य संध्या 'रंगशाला' में रविवार 5 जनवरी 2025 को नाटक 'गधे की बारात' का मंचन किया जाएगा। पश्चिम क्षेत्र सास्कृतिक केंद्र उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने बताया की प्रति माह आयोजित होने वाली मासिक नाट्य संध्या रंगशाला रविवार 5 जनवरी 2025 को शिल्पग्राम उदयपुर स्थित दर्पण सभागार में 'गधे की बारात' नाटक का मंचन किया जाएगा। इस नाटक के नाटककार हरिभाई वडगांवकर तथा निर्देशक विश्वदीपक त्रिखा है। इस नाटक में प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

### कानोड़ में हुई कांग्रेस पार्टी की संगठनात्मक बैठक



● पदमावत मीडिया

**मेनार।** नगर के बस स्टैंड स्थित दिलीप सिंह सौलकी के फार्म हाउस पर कानोड़ नगर व लूणदा मण्डल की संयुक्त बैठक वल्लभनगर पूर्व विधायक प्रीति गजेंद्र सिंह शक्तावत के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुई। इस दौरान बैठक में कांग्रेस पार्टी में चल रही गतिविधियों एवं संगठन को मजबूत करने पर विस्तृत चर्चा करते हुए सभी पदाधिकारियों ने अपने विचार रखें। इस दौरान आगामी दिनों में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की। बैठक को पुर्व प्रधान करण सिंह कोठारी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा, लुणदा मण्डल अध्यक्ष वालु लाल गायरी विजय प्रकाश पाटीदार, मनोज जी कोठारी, मनोज जी डूंगरवाल, किशन जी जाट, रतन जी धाकड़, सुशीला जी टेलर, अयूब खान सहित पदाधिकारियों ने सम्बोधित करते हुए अपने विचार रखें। इस दौरान बैठक में पीथलपुरा, सारगपुरा कानोड़, आकोला, लुणदा, अमरपुरा जागीर सहित कानोड़ नगर के कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### एक शाम गौमाता के नाम कार्यक्रम को लेकर तैयारिया जोरो पर



● पदमावत मीडिया

**मुंबई।** भिवंडी में श्रीं राम कृष्ण गौशाला के सहयोग के लिए गायत्री परिवार व जय जय राजस्थान के तत्वावधान मे मकर संक्रांति के पावन पर्व पर एक शाम गौमाता के नाम विशाल भजन संध्या आयोजित की गई है। जिसको लेकर गुरुवार शाम को श्रीं राम कृष्ण गौशाला मे बैठक आयोजित की गई जिसमे होने वाले विशाल भजन संध्या मे व्यवस्था को ध्यान मे रखते हुए कमिटीयो को गठन कर सभी को जिम्मेदारी सौपी गई। भिवंडी मे होने वाले विशाल भजन संध्या मे राजस्थान के सिरोही जिले से सुप्रशिद्ध भजन गायिका नीता नायक एंड पार्टी अपनी मधुर आवाज से भजनो की प्रस्तुति देगी।

### गोपाल गायरी बने एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** एनएसयूआई ने प्रदेश की कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमे उदयपुर के गोपाल गायरी को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है।गोपाल पूर्व में उदयपुर शहर के एनएसयूआई अध्यक्ष रह चुके है।गोपाल ने नियुक्ति के बाद खुशी जताते हुए बताया कि विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयो में एनएसयूआई की मजबूती के लिए काम करेंगे।

# मुंबई के मीरा रोड में युवक का मर्डर

# बदमाश ने सिर में मारी गोली, पहले भी मिल चुकी थीं धमकियां

● पदमावत मीडिया

**मुंबई ।** मीरा रोड में शुक्रवार रात एक कारोबारी की हत्या से सनसनी फैल गई. नकाबपोश बदमाश ने कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई.यह घटना मीरा रोड स्थित शांति शॉपिंग सेंटर की है. जहां 35 वर्षीय व्यवसायी तबरेज अंसारी को गोली मारी गई. वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया. जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पुलिस पहुंच गई. आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। मीरा रोड पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. गोली मारने वाले बदमाश की तलाश की जा रही है. आसपास के लोगों से भी पूछताछ जारी है. पुलिस ने घटनास्थल से कई साक्ष्य जुटाए हैं. घटना रात करीब 10 बजे की है. फायरिंग और हत्या की घटना से इलाके में दहशत फैल गई. पुलिस के मुताबिक, बदमाश ने एक राउंड




फायरिंग की थी. पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

### कई दिनों से मिल रही थीं धमकियां

पुलिस सूत्रो के अनुसार, मृतक तबरेज अंसारी एक अपराध मामले में गवाह था और पिछले कुछ दिनों से उसे धमकियां मिल रही थीं. उसने इस संबंध में पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई थी. लेकिन शुक्रवार रात अज्ञात बदमाश ने उसकी हत्या कर दी. पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार रात करीब 10 बजे अज्ञात हमलावर ने अंसारी के सिर में गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई. तबरेज की शांति शॉपिंग सेंटर में चश्मे की दुकान थी. पुलिस सभी एंगल पर जांच कर रही है।

### नकाब से ढक रहा था चेहरा

पुलिस उपायुक्त (क्राइम ब्रांच) अविनाश अंबुरे ने मीडिया को बताया कि हत्यारे ने अपना चेहरा नकाब से ढक रखा था. इस अपराध में एक देशी हथियार का इस्तेमाल किया गया. हमलावर ने पिस्तौल से एक राउंड गोली चलाई. उसने व्यवसायी के सिर पर बिल्कुल नजदीक से गोली मारी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है. गोली चलाने वाले बदमाश की तलाश की जा रही है।

## विद्या भवन एलुमिनी समारोह, सत्रह साल बाद मिलकर हुए खुश और भावुक



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** विद्या भवन गोविन्दराम सेकसरिया शिक्षक महाविद्यालय के हीरक जयंती वर्ष 2006-07 बीएड बैच छात्र-छात्राओं का 17 साल बाद स्नेह-मिलन समारोह हुआ। महाविद्यालय केम्पस में हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तत्कालीन प्रधानाचार्य डॉ एम पी शर्मा, अध्यक्ष वर्तमान प्रधानाचार्या फरजाना इरफान, अति विशिष्ट अतिथि डॉ डी एन दानी, विशिष्ट अतिथियों में एम एस खत्री, डॉ उषा कुमावत, डॉ दया दवे, डॉ सुषमा तलेसरा, डॉ सीमा सरूपरिया, महाविद्यालय की एलुमिनी कोऑर्डिनेटर डॉ विद्या मेनारिया, डॉ सुयश चतुर्वेदी थे। साथ ही महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सहित राजस्थान के अलग अलग जिलों से आए लगभग 60 एलुमिनी ने भाग लिया। 17 साल बाद मिलने की खुशी में स्नेह का स्रोत फूट पड़ा और भाव विह्वल होकर सब ढोल पर नाचने लगे। तत्कालीन प्रधानाचार्य एवं स्टाफ को मुख्य द्वार से ढोल बजाते हुए और फूल बरसाते हुए कार्यक्रम स्थल पर लाया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले तत्कालीन प्रधानाचार्य प्रोफेसर एमपी शर्मा एवं सभी गुरुजनों का स्वागत किया गया। उसके बाद सभी विद्यार्थियों ने अपने समय के कॉलेज के अनुभव सुनाए और पुरानी यादों को ताजा किया, एकाएक सभी विद्यार्थी जीवन की याद में डूब गए। गुरुजनों ने भी अपने अनुभव सुनाते हुए आशीर्वचन प्रदान किया। सभी मिलकर बहुत खुश हुए, यह दिन वाकई एक यादगार दिन बन गया। मुख्य वक्ता डॉ एमपी शर्मा ने अपने शिष्यों को समाज के वर्तमान माहौल को देखते हुए मूल्यपरक शिक्षा पर जोर देने का आग्रह किया। इस अवसर पर स्नातक परिषद की समन्वयक डॉ. विद्या मेनारिया ने इस सफल आयोजन की बधाई देते हुए कहा कि ये महाविद्यालय आपका अपना है, आपका हमेशा महाविद्यालय में स्वागत है। उन्होंने कार्यक्रम के अंत में सभी को धन्यवाद दिया।

## पिज्जा खा रहा था परिवार, अचानक दांत में अटका चाकू का टुकड़ा

### शिकायत के बाद फूड कंपनी ने क्या किया




● पदमावत मीडिया

**पुणे।** पिज्जा खाने वाले के लिए महाराष्ट्र के पुणे से एक हैरान करने वाला सामने आया है. यहां एक परिवार ने रात के समय पिज्जा मंगाया. परिवार के सभी लोग पिज्जा खा रहे थे. इसी दौरान उसमें कुछ ऐसे निकला की सभी लोग हैरान और परेशान हो गए. परिवार ने पिज्जा में देखा कि एक चाकू टुकड़ा टूटा हुआ पड़ा हुआ है. पिज्जा में चाकू निकलने की शिकायत के बाद पिज्जा कंपनी ने पैसे वापस कर दिये हैं. पुणे के पिंपरी-चिंचवड़ शहर के भोसरी इलाके के इंद्रायणी नगर में पिज्जा में चाकू का टुकड़ा निकलने की घटना सामने आई है. अरुण कापसे ने अपने परिवार के खाने के लिए ऑनलाइन एक पिज्जा आर्डर किया था. कुछ ही देर में पिज्जा डिलीवरी हो गया था. सभी लोग एक साथ बैठकर आनंद लेते हुए पिज्जा खा रहे थे कि अचानक से अरुण के दांत में कुछ अटक गया. अरुण ने जब दांत में फंसी चीज को निकलकर देखा, तो वह हैरान रह गया.

### पिज्जा में निकला चाकू का टुकड़ा

अरुण ने देखा कि उसके दांत में कुछ नुकीली चीज अटकी हुई है. जब उसने उस नुकीली चीज को बाहर निकला, तो वह चाकू का टूटा हुआ एक टुकड़ा था, जो पिज्जा खाते समय मुंह तक पहुंच गया था. इसके बाद उन्होंने तुरंत पिज्जा कंपनी के मैनेजर को फोन करके पिज्जा में चाकू का टुकड़ा होने की जानकारी दी. इसके बाद मैनेजर ने पिज्जा के 599 रुपये अरुण को वापस लौट दिये. हालांकि, अरुण पिज्जा कंपनी के खिलाफ पुणे खाद्य एवं औषधि प्रशासन में शिकायत की बात कह रहे हैं. उनका कहना है कि पिज्जा कंपनी लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रही है।

## उज्जैन में फिर लव जिहाद, हिन्दू लड़की के साथ होटल में पकड़ा गया 'सैफ' हिन्दू संगठनों ने काटा बवाल



**उज्जैन ।** महाकाल की नगरी उज्जैन में एक बार फिर लव जिहाद का मामला सामने आया है. यहां एक होटल में हिन्दू नाम से कमरा बुककर ठहरे भिलाई छत्तीसगढ़ के मुस्लिम युवक को पकड़ा गया है. आरोपी भिलाई से ही एक हिन्दू लड़की को भगाकर उज्जैन ले आया था. उसने लड़की के सामने भी अपनी नकली पहचान बताई थी. हिन्दू संगठनों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को अरेस्ट कर लिया है और लव जिहाद समेत अन्य संबंधित धाराओं में कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक आरोपी की पहचान सैफ मोहम्मद के नाम से हुई है. मूल रूप से भिलाई का रहने वाला सैफ होटल में प्रकाश कुमार गुप्ता के नाम से ठहरा था. आरोपी के पास से प्रकाश कुमार गुप्ता नाम से एक फर्जी आधार कार्ड भी मिला है. जानकारी मिलने पर हिन्दू संगठन से जुड़े लोगों ने होटल में घुसकर आरोपी को दबोच लिया और होटल के बाहर हंगामा करने लगे. सूचना मिलने पर पहुंची मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### असली आधार कार्ड भी मिला

पुलिस के मुताबिक आरोपी के पास से उसका असली आधार कार्ड भी बरामद हुआ है. इसपर उनका नाम और पता सैफ अहमद पुत्र नजीर अहमद निवासी भिलाई छत्तीसगढ़ के रूप में दर्ज है. पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसे नकली आधार कार्ड एक रिक्शा चालक ने दिया है. अब पुलिस उस रिक्शा चालक की तलाश शुरू कर दी है. इसी के साथ पुलिस यह भी जानने की कोशिश कर रही है कि आरोपी को होटल में छिपाने में होटल प्रबंधन की कितनी भूमिका है.

### लड़को को भी बताया था हिन्दू नाम

उधर, हिंदूवादी नेता अर्जुन सिंह चौहान ने बताया कि आरोपी के बारे में पहले ही सूचना मिल गई थी. ऐसे में उनकी टीम इसका पीछा करते हुए होटल तक पहुंची और जैसे ही इसने फर्जी नाम से होटल बुक कराया, इसे पकड़ लिया गया. पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक लड़की को भी मुक्त कराने के बाद उसके परिजनों को सूचित कर दिया है. लड़की ने पुलिस को बताया था कि आरोपी ने उसके सामने भी अपना परिचय हिन्दू युवक के रूप में दी थी. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है. बता दें कि हाल ही में महाकाल मंदिर में दर्शनार्थियों को रुपए लेकर दर्शन कराने का मामला प्रकाश में आया था. इस मामले को लेकर बवाल थमा नहीं कि अब लव जिहाद का मामला सामने आ गया।

## उदयपुर-पिंडवाड़ा हाइवे पर फिर हादसा

## ट्रेलर ने बाइक को चपेट में लिया, युवती की मौत



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** उदयपुर-पिंडवाड़ा हाईवे पर शनिवार को एक और दर्दनाक हादसा सामने आया। तेज रफ्तार ट्रेलर ने पहले बाइक को चपेट में लिया, फिर मिनी टूरिस्ट बस को टक्कर मार दी। इस हादसे में बस सवार 22 वर्षीय प्रांजल की मौत हो गई। हादसा गोगुंदा के पास खोखरिया नाल में हुआ। बेकरिया पुलिस स्टेशन के एसएचओ उत्तम सिंह के अनुसार, ट्रेलर उदयपुर से पिंडवाड़ा की ओर जा रहा था, और उसने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। इसके बाद ट्रेलर सड़क किनारे खड़ी मिनी टूरिस्ट बस से टकरा गया। ड्राइवर ने बस को रोका था, क्योंकि सवारी को उल्टी हो रही थी। इसी दौरान ट्रेलर ने बस को टक्कर मार दी। गनीमत रही कि बाइक सवार बच गया, लेकिन बस में सवार यात्री बुरी तरह से फंस गए थे, जिन्हें ग्रामीणों ने बाहर निकाला। हादसे में माउंट आबू जा रहे यात्रियों में से एक लड़की, प्रांजल, की दुखद मौत हो गई। पुलिस, हाईवे टीम, और 108 एम्बुलेंस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया। यह हादसा ऐसे समय में हुआ है जब इसी हाईवे पर एक और दर्दनाक हादसा हुआ था, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई थी और नौ लोग घायल हो गए थे। उदयपुर-पिंडवाड़ा हाईवे पर हादसों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे स्थानीय लोग और यात्री दोनों ही चिंतित हैं।

## एसटीएफ के जवान नहीं, ये तो प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड हैं मेले में दिखा रहे थे रौब, पुलिस ने दो को दबोचा

**ग्वालियर ।** व्यापार मेले में स्पेशल टास्क फोर्स की वर्दी पहनकर घूम रहे दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया. मेले में रौब जमाने के लिए दोनों युवक नकली पुलिस बनकर घूम रहे थे. असली पुलिस मेले में राउंड के लिए निकली थी. इसी दौरान पुलिस को स्पेशल टास्क फोर्स की वर्दी पहनकर घूमने वाले दो युवक पर शक हुआ. इसके बाद पुलिस ने उन्हें एक दोस्त के साथ गिरफ्तार कर लिया और थाने ले आई.ग्वालियर गोले का मंदिर थाना क्षेत्र में लगे ग्वालियर व्यापार मेले से दो फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर घूम रहे थे. मेले की सुरक्षा ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मी मेले में राउंड के लिए निकले, तभी पुलिस को दो लोगों पर शक हुआ, जो स्त्रस्न की वर्दी पहनकर मेले में घूम रहे थे. वर्दी पहनकर घूम रहे दो लोगों के साथ एक उन्हीं के दोस्त को पकड़कर थाने ले गई. पुलिस ने स्त्रस्न की वर्दी पहनकर घूमने वाले आरोपियों से पूछताछ कि उन्होंने अपना नाम अतिवीर शर्मा और रवि शर्मा बताया, जो कि देहली गांव के रहने वाले हैं. इसी के साथ उनका साथी शिवम दुबे सफेद रंग की ड्रेस में घूम रहा था, जो कि महलगांव का रहने वाला है।

### STF की वर्दी पहनकर घूम रहे थे सिक्योरिटी गार्ड

पुलिस ने पहली नजर में स्त्रस्न की वर्दी पहने हुए युवकों को पुलिस समझ लिया था, लेकिन बाद में उन्हें शक हुआ. पुलिस ने जब तीनों लोगों को रोकर ड्यूटी के बारे में पूछा, तो वह तीनों घबरा



गए. वहीं, जब पुलिस ने उनसे आईडी कार्ड और कंपनी के बारे में पूछा उनके दोस्त शिवम ने कहा कि मैं कुछ नहीं जानता हुं. मैं तो अपने दोस्तों के साथ घूमने आया था. दोनों दोस्त सिक्योरिटी गार्ड का काम करते है।

# फेसबुक पर प्यार खुद के अपहरण का नाटक रच पत्नी से मांगी फिरौती, पुलिस ने ऐसे किया खुलासा

● पदमावत मीडिया

**गोरखपुर ।** सीएम सिटी गोरखपुर में खुद अपहरण की फर्जी कहानी का हैरतंगेज खुलासा हुआ है. इसमें एक युवक ने खुद के अपहरण की सूचना देकर अपनी ही पत्नी से 5 लाख की फिरौती मांग ली. वहीं जमीन जायदाद बेचकर उसकी पत्नी ने इस रकम का इंतजाम कर लिया और वह देने ही वाली थी कि पुलिस ने युवक के इस षड़यंत्र का भांडा फोड़ दिया. पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह एक लड़की से प्यार करता था और उसके साथ नेपाल में बसना चाहता था. चूंकि उसके पास पैसे नहीं थे, इसलिए उसने खुद के अगवा होने का डर दिखाकर पत्नी से फिरौती मांगी थी. मामला खजनी थाना क्षेत्र का है. पुलिस के मुताबिक यहां रहने वाले राम नगीना यादव पिछले दिनों अपनी पत्नी को फोन किया था. कहा था कि उसका अपहरण हुआ है और बदमाश उसे छोड़ने के लिए 5 लाख रुपयों की मांग कर रहे हैं. उसकी बात पर भरोसा कर उसकी पत्नी जमीन और जेवर बेच कर रुपयों की व्यवस्था कर ली. वह रुपये आरोपी युवक को देने ही वाली थी कि पुलिस को खबर लग गई. इसके बाद पुलिस ने आरोपी युवक और उसके दो सहयोगी गिरफ्तार करते हुए मामले का खुलासा कर दिया।

### फेसबुक से हुई थी दोस्ती


मूल रूप से कुशीनगर के हाटा कोतवाली क्षेत्र निवासी राम नगीना यादव गोरखपुर के खजनी थाना क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था. वह अपनी गर्भवती पत्नी रिंकी के साथ किराए के मकान में रह रहा था. करीब दो साल पहले फेसबुक के माध्यम से उसकी दोस्ती लखनऊ की एक युवती से हुई थी. वह अपनी पत्नी को छोड़कर इस युवती के साथ नेपाल में घर बसाना चाहता था. इसी क्रम में 12 अक्टूबर को राम नगीना अचानक गायब हो गया. उसकी पत्नी ने उसे ढूंढने की काफी कोशिशें की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला. थक-हारकर उसने 15 अक्टूबर को खजनी थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई. इसके बाद 1 नवंबर को राम नगीना के व्हाट्सएप नंबर से एक कॉल आई, जिसमें अपहरणकर्ताओं ने पांच लाख रुपये फिरौती की मांग की थी।

### पत्नी ने बेच दी जमीन, जुटाए पांच लाख रुपये

रिंकी ने पुलिस को बताए बिना अपनी गांव की जमीन और जेवर बेचकर पांच लाख रुपये इकट्ठे किए और अपने पति के अकाउंट में डाल दिए. हालांकि, इसके बाद भी जब राम नगीना वापस नहीं लौटा, तो पत्नी ने फिर से अपहरणकर्ताओं से संपर्क किया. इस बार उन्होंने 5 लाख रुपये से काम न चलने की बात कहकर 10 लाख की मांग की. जब रिंकी को शक हुआ, तो उसने पुलिस से मदद ली।

### पुलिस जांच और साजिश का खुलासा

पुलिस ने मोबाइल सर्विलांस पर लगाया और जांच शुरू की. पता चला कि



मोबाइल का लोकेशन कुशीनगर के हाटा इलाके में था. पुलिस ने वहां से मोबाइल बरामद किया और किशन नामक एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

किशन ने खुलासा किया कि वह पांच साल से राम नगीना का दोस्त था और उसने ही राम नगीना की मदद से अपनी प्रेमिका के साथ नेपाल जाने की साजिश बनाई थी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) साउथ जितेंद्र कुमार ने बताया कि राम नगीना की तलाश जारी है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा. आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, साथ ही साजिश में शामिल उसके दो दोस्तों के खिलाफ भी केस दर्ज किया जाएगा।

राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय में लैंगिक उत्पीड़न निवारण कार्यशाला आयोजित

# कार्य स्थल पर महिला सुरक्षा स्वस्थ समाज का प्रमुख संकेतक : प्रो. एसके सिंह, कुलपति

● पदमावत मीडिया

**कोटा।** राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय कोटा के महिला उत्पीड़न समिति द्वारा महिलाओं के कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न से संरक्षण तथा निवारण पर विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं एवं कार्यरत स्टाफ़ व शिक्षकों के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। सह जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बाताया कि कार्यशाला में कार्यस्थल पर महिलाओं के सामने आने वाले उत्पीड़न तथा इससे निपटने के तरीकों के बारे में गहन चर्चा की गई। मुख्य वक्ता प्रोफेसर अरुण कुमार शर्मा एवं अधिवक्ता श्रीमती कल्पना शर्मा ने महिलाओं की कार्य स्थल पर सुरक्षा से संबंधित कानूनी जानकारियों से अवगत करवाया। इस अवसर पर कार्यक्रम का संयोजक




प्रोफेसर मनीषा व्यास, डॉ. हरीश शर्मा, डॉ. लता गिडवानी एवं डॉ. सुनीता चाहर उपस्थित थी। कुलपति प्रोफ़ेसर एस के सिंह ने अपने संदेश में कहा कि यौन उत्पीड़न और इन से जुड़े मुद्दों के निवारण में शैक्षणिक संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कार्यस्थल पर महिलाओं को सुरक्षित महसूस करने पर जोर दिया, क्योंकि यह स्वस्थ समाज का प्रमुख संकेतक है, ताकि महिलाओं के सम्मान बुनियादी मानवाधिकारों, कुशलता, सुरक्षा और समग्र सशक्तिकरण सुनिश्चित किया जा सकें। डीन फैकल्टी अफेयर्स प्रोफेसर दिनेश बिड़ला ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं को सम्मान, गरिमा और अधिकार के साथ समाज में रहने, किसी व्यवसाय, व्यापार या कार्य को करने की स्वतंत्रता है, सुरक्षित कार्य वातावरण का अधिकार एक मौलिक अधिकार है।

महिला उत्पीड़न समिति की अध्यक्ष प्रो. मनीषा व्यास ने कहा कि हम सभी का दायित्व है कि महिलाओं को कार्यस्थल पर पूरी तरह सुरक्षित वातावरण उपलब्ध हो। जिससे वे कार्यस्थल पर सहज अनुभव करें। कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष अधिनियम महिलाओं को समानता के मौलिक अधिकारों की पुष्टि करता है। कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न के कारणों को समझना कार्यस्थल पर उसे रोकने की दिशा में एक आवश्यक कदम है। आज कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है जहाँ महिला प्रगति नहीं कर रही है।

# चौबीसा समाज की वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

● पदमावत मीडिया

संवाददाता- दीपक शर्मा

**कानोड़ ।** नगर के नृसिंह वाटिका में चौबीसा समाज की दो दिवसीय वालीबॉल व सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत हुई। आयोजकों ने अपने अतिथियों डाक्टर हरिश चौबीसा, महामाया प्रसाद, प्रेम शंकर, बिहारी लाल, गिरिजा शंकर व्यास, गिरिजा शंकर बोस, अशोक उपाध्याय, नारायण व्यास, हितेश व्यास, चन्द्रशेखर विजावत, मणिशंकर व्यास का भगवान लक्ष्मीनारायण मन्दिर में स्वागत किया ओर ब्रह्मपुरी क्षेत्र में बैण्ड बाजों के साथ शोभायात्रा के रूप में नृसिंह वाटिका तक लाए, जहां उद्घाटन समारोह का आयोजन हुआ। दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुरुआत हुए कार्यक्रम में प्रसिद्ध गीत गायक प्रेम शंकर जोशी ने ÷मनुष्य तू बडा महान है÷ गीत गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया । लीला शंकर व दिनेश व्यास को मुख्य निर्णायक मनोनीत किया गया । ध्वजारोहण के बाद खेलकूद प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। मुख्य प्रबन्धक महेन्द्र जोशी ने बताया कि प्रतियोगिता में सलूम्बर, नरपत की खेडी, हिंता, भीण्डर, कानोड, नीमडी सहित आसपास के चौबीसा समाज के गांवों से



कुल 16 टीमें भाग ले रही है । कार्यक्रम में महामाया प्रसाद ने कहा कि मंच तो ओर भी मिल जाते है पर वह व्यक्ति भाग्यशाली होता है जिसे समाज अपने मंच पर स्थान दे इसलिए प्रतिभाओं के प्रोत्साहन के लिए ऐसे मंच का आयोजन होना चाहिए। राष्टीय टीम में खेल चूके वालीबॉल के खिलाडी हर्षित व्यास ने कहा कि खेल तो अपने आप में रक्त में हीमोग्लोबिन बढाने वाला होता है लेकिन यह आनंद ओर भी बढ जाता है जब खेल अपनों के बीच हो। उद्घाटन समारोह में आयोजक मण्डल के मुकेश विजावत, जनक विजावत, भूपेंद्र जोशी, शिव नारायण पुरोहित, मनिष उपाध्याय, दीपक व्यास का सम्मान किया गया तो परींडा अभियान व पक्षियों के लिए दाने डालने की लगातार व्यवस्था करने पर दीपक शर्मा का सम्मान किया गया तो शर्मा ने अभियान के लिए प्रमुख भामाशाह अशोक उपाध्याय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बेजान पक्षियों कि पीडा समझने व सहयोग करने का श्रेय जीव दया करने वालों को जाता है। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने कहा कि चौबीसा समाज तो प्रतिभाओं का भण्डार है इसलिए एक होकर समाज को ऐसे कार्यक्रम करना चाहिए, विद्यार्थियों को लिए कोचिंग की व्यवस्था होनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन भूपेंद्र जोशी ने किया ।

# अडिंदा पार्श्वनाथ में दिगंबर जैन संतों का हुआ मिलन



● पदमावत मीडिया

कार्यालय संवाददाता

**उदयपुर।** अतिशय क्षेत्र अडिंदा पार्श्वनाथ में शनिवार शाम को दिगंबर जैन संतों का मिलन हुआ। प्रवक्ता अनिल स्वर्णकार ने बताया कि खेरोदा से पद विहार कर मुनि महिमा सागर महाराज संघ के आगमन पर अतिशय क्षेत्र अडिंदा पार्श्वनाथ में विराजमान मुनि श्रुतधरनंदी महाराज संघ और आर्यिका भरतेश्वरमति माताजी संघ द्वारा अडिंदा चौराहे पर मुनि महिमा सागर महाराज संघ की मंगल अगवानी की । तीन संघो के मिलन पर भक्तों ने खूब जयकारे लगाए। अडिंदा ट्रस्ट परिवार द्वारा मुनि संघ की पाद प्रक्षालन कर अगवानी की गई। मुनि संघ ने पार्श्वनाथ भगवान के दर्शन किए।

## दिगम्बर जैन संतों को भींडर पधारने की विनती

अतिशय क्षेत्र अडिंदा पार्श्वनाथ में विराजमान दिगम्बर जैन मुनि श्रुतधरनंदी महाराज, मुनि उत्कर्ष सागर महाराज मुनि महिमा सागर महाराज और आर्यिका भरतेश्वरमति माताजी को आदिब्रह्मा आदिनाथ फाउंडेशन, भींडर निदेशक अनिल स्वर्णकार ने श्रीफल भेंट कर सन्मति धाम, भींडर पधारने हेतु निवेदन किया।

# 10 दिवसीय निशुल्क आयुर्वेद शल्य चिकित्सा शिविर में 482 मरीजों ने लिया स्वास्थ्य का लाभ

● पदमावत मीडिया

**सलूंबर।** आयुर्वेद विभाग द्वारा आयोजित 10 दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेद शल्य चिकित्सा शिविर में लोगों का उत्साह चरम पर हे। इस शिविर में विभिन्न बीमारियों के लिए कुल 482 मरीजों ने स्वास्थ्य का लाभ प्राप्त किया। शिविर के दौरान संधीवात, वातिक शूल, त्वचा रोग, रक्त प्रदर, बाल रोग जैसे गंभीर रोगों का उपचार किया गया। विशेष रूप से पंचकर्म उपचार में 70 मरीजों ने लाभ लिया, जबकि 11 मरीजों को विस्तृत पंचकर्म चिकित्सा के लिए भर्ती किया गया। इसके अतिरिक्त, एनसीडी (गैर-संचारी रोग) के लिए 119 लोगों की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें हृदय रोग, मधुमेह, और उच्च रक्तचाप जैसे रोगों की जांच एवं परामर्श दिया गया।



## शल्य चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां

शिविर के दौरान 5 मरीजों का अर्थ एवं भगंदर के लिए क्षार सूत्र पद्धति से सफल उपचार किया गया। यह उपचार पूरी तरह से आयुर्वेदिक है और सर्जिकल हस्तक्षेप के बिना किया गया।

## योग और आयुर्वेद का सामंजस्य

शिविर में योग सत्रों का भी आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। योग के माध्यम से मरीजों ने शारीरिक और मानसिक संतुलन प्राप्त करने का अनुभव किया।

## आयुर्वेद के प्रति बढ़ा आमजन का विश्वास

यह शिविर आयुर्वेद के प्रति लोगों के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। इस शिविर के सफल आयोजन ने यह साबित किया कि आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति गंभीर बीमारियों के उपचार में कारगर है।

इस 10 दिवसीय शिविर में कुल 482 मरीजों ने लाभ प्राप्त किया। इस शिविर के माध्यम से आयुर्वेद की प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों की उपयोगिता को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास सफल रहा। भविष्य में भी इस प्रकार के शिविर आयोजित करने की योजना है।

भूपाल नोबल्स स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन

# सतत विकास की रणनीति बनाने के लिए प्राथमिकताओं के साथ ही विशिष्ट लक्ष्य भी निर्धारित करने होंगे-प्रो.अल्केश शाह



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** भूपाल नोबल्स स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विज्ञान संकाय के अंतर्गत संचालित प्राणी शास्त्र विभाग में व्याख्यान माला में सतत विकास-अवधारणा, रणनीतियाँ, सिद्धांत, आपदा और कमिशन विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो.अल्केश शाह, वाइसप्रिंसिपल एवं विभागाध्यक्ष प्राणी शास्त्र विभाग, बी.पी. साइंस इंस्टिट्यूट नवसारी, गुजरात ने उपस्थित विद्यार्थियों से रूबरू होते हुए पर्यावरण तथा प्राकृतिक संसाधनों को बचाने के लिए विभिन्न उपायों पर चर्चा करते हुए कहा कि सतत विकास आर्थिक विकास, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समानता के बीच संतुलन बनाने की आवश्यकता को प्रस्तुत करता है, साथ ही उन्होंने पर्यावरण एवं प्राकृतिक संसाधनों को भविष्य के लिए बचाए रखने पर बल देते हुए सभी विद्यार्थियों को वेस्ट मैनेजमेंट तथा भविष्य के लिए जल संरक्षण के उपाय बताएं। विभागाध्यक्ष डॉ.संगीता राठौड़ ने पर्यावरणीय स्थिरता के लिए निर्धारित विभिन्न लक्ष्यों को सभी के समक्ष प्रस्तुत किए। इस व्याख्यान से लगभग 150 विधार्थी लाभान्वित एव जागरूक हुए ।विज्ञान संकाय अधिष्ठाता डॉ .रेणु राठौड़ एवं सह अधिष्ठाता डॉ. रितु तोमर ने प्रो.शाह को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। विश्वविद्यालय चेयरपर्सन कर्नल प्रो .शिवसिंह सारंगदेवोत, सचिव डॉ.महेंद्र सिंह आगरिया, प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह राठौड़ तथा कुल सचिव डॉ .निरंजन नारायण सिंह खोड ने इस प्रकार के कार्यक्रम की आवश्यकता पर बल देते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है। डॉ.अभिमन्यू सिंह राठौड़, डॉ.सबीहा सिंधी, डॉ मोनिका राजावत, डॉ नीरजा शेखावत एवं सुदर्शन शक्तावत सहित सभी संकाय सदस्य इस अवसर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफलता पूर्वक संचालन सुश्री रिद्धिमा शक्तावत ने किया। यह जानकारी जनसंपर्क अधिकारी डॉ. कमल सिंह राठौड़ ने दी ।

# पीएम विश्वकर्मा योजना

● पदमावत मीडिया

**सलूंबर।** परंपरागत हस्तशिल्प, दस्तकारों की 18 श्रेणियों के 18 वर्ष के अधिक उम्र के कारीगरों, कामगारों एवं शिल्पकारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एमएसएमई मंत्रालय द्वारा 17 सितंबर 2023 से पीएम विश्वकर्मा योजना लागू की गई है।

## योजना अन्तर्गत पात्रता

महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र उदयपुर शैलेन्द्र शर्मा ने बताया कि 18 पारम्परिक व्यवसायों से जुड़े ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के 18 वर्ष से अधिक उम्र के कारीगर एवं शिल्पकार जिन्होने विगत 5 वर्षों में केन्द्र अथवा राज्य सरकार द्वारा संचालित स्वरोजगार, व्यवसाय विकास ऋण योजनाओं में ऋण नहीं लिया हो। आवेदक स्वयं अथवा उसके परिवार में कोई भी सदस्य राजकीय सेवा में कार्यरत नहीं हो। एक परिवार में से केवल एक सदस्य ही योजना के अन्तर्गत आवेदन कर सकता है।

## योजना अन्तर्गत परिलाभ

15 हजार रुपए का परिलाभ टूल किट हेतु, विश्वकर्मा सर्टिफिकेट एवं पहचान पत्र जारी होगा, 5-7 दिन की बेसिक स्किल ट्रेनिंग एवं इसके दौरान 500 रुपए प्रतिदिन स्टाइपेंड दिया जाएगा। प्रथम किस्त के रूप में 1 लाख का 5 प्रतिशत ब्याज पर कॉलेट्रल मुक्त ऋण (अधिकतम 8 प्रतिशत ब्याज अनुदान), 15 दिन की एडवांस स्किल ट्रेनिंग एवं इस दौरान 500 रू प्रतिदिन स्टाइपेंड। द्वितीय किस्त के रूप में 2 लाख का 5 प्रतिशत ब्याज पर कॉलेट्रल मुक्त ऋण (अधिकतम 8 प्रतिशत ब्याज अनुदान)। डिजिटल ट्रांजेक्शन प्रोत्साहन के रूप में 1 रू प्रति ट्रांजेक्शन (अधिकतम 100 ट्रांजेक्शन प्रति माह), लाभार्थी को जीईएम पोर्टल से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा।

## आवेदन प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेज

पात्र आवेदक कॉमन सर्विस सेंटर, स्वयं पीएम विश्वकर्मा पोर्टल एवं पीएम विश्वकर्मा मोबाईल एप पर आधार बायोमेट्रिक वैरिफिकेशन के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। इसके लिए आधार कार्ड, बैंक विवरण, राशन कार्ड (राशन कार्ड नहीं होने पर परिवार के सभी सदस्यों के आधार नम्बर), एवं आधार लिंक मोबाईल नंबर की आवश्यकता होगी। उपरोक्त योजनाओं की अधिक जानकारी के लिए जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, उदयपुर में या दूरभाष नंबर 0294-2490941 पर संपर्क कर सकते है।

सम्मेद शिखर विधान एवं वार्षिक कलैण्डर का विमोचन आज

# नेमिनाथ मंदिर में मूलनायक नेमिनाथ भगवान का महामण्डल विधान सम्पन्न



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** हिरण मगरी सेक्टर 3 स्थित नेमिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में शनिवार को णमोकार महामंत्र के जाप एवं भक्तामर का पाठ किया गया तथा नेमिनाथ भगवान महामण्डल विधान का आयोजन हुआ। वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश टाया ने बताया कि नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मूलनायक भगवान का महामस्तकाभिषेक, शांतिधारा प्रथम अभिषेक एंव शांतिधारा की गई। जिसमें मूलनायक नेमिनाथ का प्रथम अभिषेक अशोक-इंद्रा डवारा, नितिन, निकिता मोक्षित ने किया। द्वितीय अभिषेक विकास, शुभा जैन ने किया। भगवान पार्श्वनाथ के महामस्तकाभिषेक रोशनलाल, प्रकाश, रक्षांश लालावत ने किया। महावीर भगवान के महामस्तकाभिषेक के हीरालाल, विमला देवी दामावत एंव मूलनायक नेमिनाथ महामण्डल विधान का आयोजन किया गया। महामण्डल विधान अजय कुमार, मोनिका, भौमिका जैन, रतन देवी, ऋषभ लिखमावत, ममता लिखमावत ने किया।

अल्पाहार व्यवस्था कमला देवी-शांतिलाल, अंजना - राजेश टाया ने किया। अध्यक्ष पारस सिंघवी ने बताए कि रविवार 5 जनवरी को प्रातः सम्मेद शिखर महामण्डल विधान का आयोजन एंव वार्षिक कलैण्डर का विमोचन सुबह 10 किया जायेगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश टाया ने बताया कि वार्षिक कलैण्डर विमोचन के बाद वृक्षारोपण रोपण किया जाएगा एवं 20 वृक्ष लगा कर अपनो को हरियाली के साथ सुन्दर वातावरण बनाएगे। अधिक से अधिक संख्या में पधार कर धर्म लाभ लेने का आव्हान किया।

उदयपुर जिले में थाना हिरणमगरी पुलिस की कार्रवाई

# लूट, हत्या, डकैती व अपहरण के मामलों का हार्डकोर अपराधी गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर ।** जिले की थाना हिरणमगरी पुलिस ने हार्डकोर अपराधी जितेन्द्र उर्फ जीतु उर्फ प्रदीप पुत्र दरबार सिंह निवासी कंवराशा थाना सांभर लेक जिला जयपुर ग्रामीण हाल सुन्दर विहार, माचवा थाना कालवाड़, जयपुर को प्रोडेक्शन वारण्ट पर विशिष्ट केन्द्रीय कारागृह, श्यालावास, जिला दौसा से गिरफ्तार किया है। आरोपी अपहरण, मारपीट व लूट के मामले में 6 साल वांछित था। हार्डकोर बदमाश के विरुद्ध लूट, हत्या, डकैती व अपहरण के कई मामले दर्ज है। एसपी योगेश गोयल ने बताया कि 18 फरवरी, 2019 को व?यास कोलोनी, भीलवाडा हाल कुम्?भा नगर, सेक्टर 04, हिरणमगरी निवासी दिव?यांशु चौधरी ने रिपोर्ट दी थी कि 17 फरवरी की शाम 07.45 बजे वह अपनी कार से खाना खाने के लिये निकला। सेक?टर 03 मैन रोड पर डिवाईडर के पास रोड क्रॉस करने के लिये रूका तो उसी समय अचानक उसकी कार के सामने दो से तीन लोग आ गये। उनमे से एक व्यक्ति ने झपट्टा देकर कार की चाबी निकाल ली। इस दौरान दो अन्य व्यक्ति और आ गये, जिन्होंने मुझे खींच कर कार में पीछे की ओर धकेल दिया। गाडी स्टार्ट कर तेज गति से चित्तौड़ रोड की तरफ ले गये। रास्ते मे इन्होंने मेरे साथ मारपीट की और कीर की चौकी व भिण्डर रोड पर सुनसान रास्ते पर धक्का देकर नीचे उतार दिया। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया।एसपी गोयल ने बताया कि मामले में एसएचओ दर्शन सिंह मय टीम द्वारा कार चालक को कार सहित अपहरण कर ले जाने के मामले में हार्डकोर बदमाश जितेन्द्र उर्फ जीतु उर्फ प्रदीप को प्रोडेक्शन वारण्ट पर श्यालावास जेल दौसा से गिरफ्तार किया गया। जिससे अग्रिम अनुसंधान जारी है। लूटी गई कार को भीलवाडा में सोनी रॉयल इनफिल्ड शोरूम के बाहर से लावारिस हालात में बरामद किया जा चुका है।

# कर्मचारियों की हड़ताल के समर्थन में आए छात्र नेता

### समाधान नहीं होने पर विश्वविद्यालय को कराएंगे अनिश्चितकाल के लिए बंद



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में चल रही एसएफ़एबी कर्मचारियों की हड़ताल को कई छात्र नेताओं ने समर्थन दिया। छात्र नेता मोहित नायक ने बताया कि विश्वविद्यालय एसएफ़एबी कर्मचारियों को 31 दिसंबर के बाद से सेवा विस्तार नहीं दिया गया है इसके बाद से लगातार प्रशासनिक भवन के बाहर कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन जारी है, विश्वविद्यालय की सभी प्रशासनिक व्यवस्था चरमरा गई है। विश्वविद्यालय में बाहर से आ रहे कई छात्रों को माइग्रेशन एवं कई अन्य दस्तावेजों के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।प्रशासन से मांग की गई कि जल्द से जल्द इन कर्मचारियों के पक्ष में सकारात्मक समाधान करते हुए निर्णय लेवे अन्यथा विश्वविद्यालय को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया जाएगा।ज्ञापन एवं प्रदर्शन के समय एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मोहित नायक,पूर्व प्रदेश सचिव रोहित पालीवाल,अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राठौड़, प्रदेश महासचिव गोपाल गायरी,समीर मेघवाल, कुनाल मेघवाल,आदि कई छात्र नेता मौजूद रहे।

# डांगी समाज की खेलकूद प्रतियोगिता में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 14 जनवरी को करेंगे शिरकत

## डांगी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात कर दिया निमंत्रण

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** उदयपुर में डांगी पटेल समाज की 13 और 14 जनवरी को कानपुर खेड़ा स्थित रॉयल स्टेडियम में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में मुख्यमंत्री भजनलाल लाल शर्मा 14 जनवरी को शिरकत करेंगे। डांगी सेवा संस्थान खेल संघ के बैनर तले आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी शिरकत कर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाएंगे। शनिवार को वल्लभनगर विधायक और खेल संघ के अध्यक्ष उदयलाल डांगी के नेतृत्व में डांगी समाज के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात कर 37 वी खेलकूद प्रतियोगिता में आने का न्योता दिया हर वर्ष की तरह आयोजित इस वर्ष भी 37वीं डांगी पटेल समाज की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन रॉयल खेड़ा स्टेडियम पर आयोजित होगा। जिसको लेकर पहले महापंचायत का आयोजन किया गया था जिसमें निर्णय लिया गया था कि डांगी समाज के प्रतिनिधि मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें निमंत्रण देंगे और उनसे समय भी मांगा जाएगा। शनिवार को समाज के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री शर्मा को खेलकूद प्रतियोगिता में आने का निमंत्रण दिया इस पर मुख्यमंत्री ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए प्रतिनिधि मंडल से कहा कि वह जरूर इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। वल्लभनगर विधायक और खेल संघ के अध्यक्ष



उदयलाल डांगी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उनके निमंत्रण को स्वीकार किया है और 14 जनवरी को कार्यक्रम में शामिल होना बताया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कार्यक्रम में आने के निमंत्रण स्वीकार करने के बाद डांगी पटेल समाज में भी हर्ष की लहर है । समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि मुख्यमंत्री कार्यक्रम में शिरकत करेंगे तो समाज में भी जागरुकता आएगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को निमंत्रण देने के दौरान विधायक उदय लाल डांगी , गिर्वा के अध्यक्ष गोपाल पटेल ,हेमा पटेल खेल संघ से रमेश पटेल केसूलाल डांगी, रामलाल डांगी, गणेश लाल डांगी, शंकर डांगी, गंगाराम डांगी, नारायण डांगी, शंकर डांगी ,दुदाराम डांगी,गेहरी लाल डांगी ,प्रकाश पटेल, दिनेश डांगी, दौलतराम डांगी ,मांगीलाल डांगी नरेश पटेल,चौखा पटेल, जगदीश पटेल, अनिल डांगी ,पवन डांगी, मोतीलाल डांगी ,ताराचंद डांगी , मोहन डांगी, हीरालाल डांगी, अंबालाल डांगी, सहित कई लोग मौजूद थे।

# प्रेक्षा वरिष्ठ नागरिक संघ का 7वां स्थापना दिवस समारोह सम्पन्न

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** सामाजिक संस्था प्रेक्षा वरिष्ठ नागरिक संघ का 7वां स्थापना दिवस समारोह मुख्य संरक्षक राजकुमार फत्तावत के आतिथ्य व मोतीलाल पोरवाल की अध्यक्षता में नाईयों की तलाई स्थित तेरापंथ भवन में आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि फत्तावत ने अपने उद्बोधन में कहां कि सभी वरिष्ठजन अपने-अपने परिवार को आदर्श परिवार बनाने का संकल्प लेकर उदाहरण प्रस्तुत करें। जो कि अन्य समाजजनों के लिए प्रेरक होगों। इस पर उपस्थित 101 परिवारों के वरिष्ठजनों ने आदर्श परिवार की स्थापना करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का आयोजन अलविदा 2024, सुस्वागतम 2025 की थीम पर रंगारंग आयोजन से सम्पन्न हुआ।

# बारां जिले में डीएसटी व थाना अन्ता पुलिस की कार्रवाई

# सनसनीखेज दोहरे हत्याकाण्ड में आरोपी गिरफ्तार, प्रेमप्रसंग के कारण पत्नी व उसके प्रेमी को उतारा था मौत के घाट

● पदमावत मीडिया

**बारां ।** जिले के अन्ता थाना क्षेत्र के धाकडखेड़ी गांव में 2 दिसंबर की रात हुए सनसनीख़ेज़ दोहरे हत्याकांड का खुलासा कर पुलिस ने आरोपी गणेश मेवाडा पुत्र चतुर्भुज कलाल (32) निवासी धाकडखेडी को लगातार दो दिन सर्च ऑपरेशन चला नजदीकी गांव में सरसों के खेत से डिटेन कर गिरफ्तार कर लिया। अवैध संबंधों के चलते आरोपी ने अपनी पत्नी और उसके प्रेमी को मौत के घाट उतार दिया था। एसपी राज कुमार चौधरी ने बताया कि 02 जनवरी की रात धाकडखेडी गांव में लड़ाई झगड़े की सूचना पर एसएचओ अन्ता दिग्विजय सिंह मय जाप्ता के धाकडखेडी गांव में गणेश मेवाडा के घर पहुंचे। जहां उसकी पत्नी रिंकी मेवाडा की लाश तथा पास में एक अज्ञात युवक गम्भीर रूप से घायल अवस्था मे पड़ा हुआ था। दोनो को तुरंत एंबुलेंस से अन्ता अस्पताल लेकर गये, जहां डॉक्टर ने दोनो को मृत घोषित कर दिया। मृत युवक की पहचान कोटा निवासी गोरव हाडा (20) के रूप में की गई। सुबह मृतक के भाई प्रियाषु हाडा द्वारा हत्या की रिपोर्ट देने पर मुकदमा दर्ज कर गहनता से अनुसंधान शुरू किया गया। सूचना मिलते ही एसपी राजकुमार चौधरी, एएसपी राजेश चौधरी, सीओ शोजीलाल मीणा घटना स्थल पहुंचे पहुचे। एफएसएल टीम को कोटा से बुला साक्ष्य संकलित किए गए। मौके पर ही दोहरे हत्या कांड के खुलासे एवं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए थानाधिकारी दिग्विजय सिह एवं डीएसटी प्रभारी सत्येन्द्र सिह की टीमे गठित की गई मामले को गंभीरता से लेकर टीम ने घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया, घटना की हर ऐंगल से जांच की गयी। घटना के बाद से ही मृतका रिंकी मेवाडा का पति गणेश मेवाडा फरार था, जिसका मोबाइल बंद आ रहा था। अतः शक की सूई गणेश



के ऊपर घूमी। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन एवं तकनीकी सहायता से सर्च ऑपरेशन चला कर धाकडखेडी गांव के पास बरडा में सरसों के खेतो से आरोपी गणेश को गिरफ्तार किया गया।

## हत्या करने का कारण व घटनाक्रम

आरोपी गणेश मेवाडा ने पूछताछ में बताया की उसका विवाह 12 साल पहले श्योपुर निवासी रिंकी मेवाडा से हुआ था, उसके दो बच्चे भी है। एक साल से रिंकी का कोटा निवासी गोरव हाडा से प्रेम प्रसंग चल रहा था। गोरव हाडा की रिश्तेदारी धाकडखेडी गांव में थी जहां पर वह आता जाता रहता था। रिंकी व गोरव दोनों उनके गांव व कोटा मिलते रहते थे। रिंकी उससे झूठ बोलकर कोटा जाती थी। कुछ दिनो से गोरव हाडा उसे धमकी दे रहा था की तेरी पत्नी मुझसे प्यार करती है इसलिए उसे मैं ही रखूंगा। यह बात गणेश को काफी दिनो से अखर रही थी। 1 जनवरी को गोरव हाडा ने उसे कॉल कर कहा कि आज मैं रिंकी को लेने आ रहा हूँ। !उस दिन गोरव हाडा व उसके तीन साथी सूरज, रिषि व कुनाल मोटरसाईकिलो से रात को करीब 12 बजे उनके गांव आये। गोरव के तीनों साथी गांव के बाहर ही रूक गये, गोरव उनसे कहकर आया था कि मैं कॉल करूं तभी तुम सब वहां आना। आरोपी गणेश ने उस दिन गोरव को मारने का प्लान पहले से ही बना रखा था। उसने गोरव को कॉल कर करके बैठकर मामला सुलझाने अपने घर बुलाया था। जैसे ही गोरव घर के अन्दर गया, गणेश ने पहले से ही तैयार धारदार हथियार कूटीया से गोरव के सिर में मारी जिससे वह अचेत होकर नीचे गिर गया। रिंकी ने गोरव को बचाने का प्रयास किया तो गुस्से में पागल गणेश ने अपनी पत्नी के भी गर्दन व शरीर पर वार कर मौके पर ही मार दिया और फरार हो गया। कुछ देर तक गोरव नही आया तो उसके तीनो साथी वहां से कोटा भाग गये।

# जयपुर अग्निकांड के बाद अब अजमेर में गैस टैंकर और ट्रक में जबरदस्त टक्कर, हाईवे पर लगा लंबा जाम




● पदमावत मीडिया

**अजमेर।** जयपुर-अजमेर हाईवे पर भांकरोटा अग्निकांड को अभी एक महीने नहीं हुए हैं, उससे पहले ही शनिवार को अजमेर में बड़ा हादसा होने से बच गया. अजमेर में नेशनल हाईवे 48 पर गैस टैंकर और ट्रक में जबरदस्त टक्कर हो गई. गैस टैंकर में ट्रक के टकराने से चारों तरफ हड़कंप मच गई और और हाइवे पर लंबा जाम लग गया. गनीमत रही कि जिस गैस टैंकर से ट्रक की टक्कर की हुई है, वह खाली था. नहीं तो जयपुर जैसा एक बार फिर से बड़ा हादसा हो सकता था।

### एचपी गैस टैंकर में ट्रक की भिड़त

दरअसल, यह हादसा अजमेर के नसीराबाद में हुआ. लवेरा गैस प्लांट के पास वर्कशॉप से बाहर निकलते वक्त एचपी गैस टैंकर और ट्रक की भिड़ंत हो गई. जानकारी के मुताबिक, राष्ट्रीय राजमार्ग 48 स्थित एचपी गैस के टैंकर और ट्रक की जबरदस्त आमने-सामने भिड़ंत हुई, हादसे के बाद हड़कंप मच गया. वहीं, ट्रक और टैंकर के ड्राइवर मौके से फरार हो गए।

### हाईवे पर लगा लंबा जाम

गनीमत की बात रही कि हादसे के वक्त गैस टैंकर खाली था, नहीं तो भांकरोटा जैसा अग्निकांड फिर से हो सकता था. ट्रक और गैस टैंकर की टक्कर से हाइवे पर लंबा जाम लग गया. हादसे की सूचना पर पहुंची सदर थाना पुलिस और श्रीनगर थाना पुलिस ने मौके पर लगे जाम को खुलवाने में जुट गई। बता दें कि जयपुर-अजमेर हाईवे पर भांकरोटा के पास हुए गैस टैंकर ब्लास्ट ने पूरे देश को झकझोर कर रखा दिया था. गैस टैंकर में ब्लास्ट होने के बाद भीषण अग्निकांड में करीब 20 लोगों की मौत हुई है, जबकि कई लोग घायल हुए थे. इस भीषणा अग्निकांड ने हाईवे पर करीब 35 वाहनों को चपेट में लिया था।

# सूचना, शिक्षा और संचार सामग्री से होगा एसएचडब्लूपी का प्रभावी क्रियान्वयन

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** जिले में आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत राजकीय विद्यालयों में डाइट द्वारा संचालित स्कूल हैल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) सामग्री का वितरण किया जाएगा। डाइट प्रिंसीपल डीईओ चंद्रशेखर जोशी ने बताया कि विद्यालयों में एसएचडब्लू प्रोग्राम को प्रभावी बनाने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यालय उदयपुर के प्रभारी अधिकारी डॉ अशोक आदित्य के निर्देशन में डाइट को आईईसी सामग्री उपलब्ध कराई गई है। डाइट में प्रोग्राम की डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर डॉ मृदुला तिवारी के अनुसार उदयपुर तथा सलूंबर जिले में संचालित स्कूल हैल्थ एंड वैलनेस प्रोग्राम से संबंधित 1662 विद्यालयों को इस सामग्री के तहत सीबीईओ स्तर से एक एक बंडल दिया जाएगा जिसमें 8 प्रकार के चार्ट्स सम्मिलित होंगे। इन चार्ट्स को विद्यालयों में प्रदर्शित किया जा सकेगा। सूचना, शिक्षा और संचार से संबंधित इस सामग्री में हर काम का एक सही समय होता है, बाल विवाह को कहे ना, अपने अधिकारो को जाने, माहवारी आना सामान्य बात है, हैल्थ एम्बेसडर एवं हैल्थ मैसेंजर के नाम, गुड टच बेड टच, ना ठीक होना भी ठीक है, स्वस्थ रहना एक आदत है उसे अपनाओं, किशोरावस्था एवं वेलनेस दिवस, बडे बडलाव के लिए छोटे-छोटे कदम हर एक प्रयास जरुरी है,आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और वेलनेस सेंटर- आपके अच्छे स्वास्थ्य का प्रदेश द्वार, एक स्वस्थ जीवन चुने, एक स्मार्ट फैसला करें तथा सोशल मीडिया का समझदारी से उपयोग करें आदि श्लोगन एवं संदेश परक सूचनाएं सम्मिलित हैं। डॉ तिवारी के अनुसार समस्त सीबीईओ कार्यालयों के प्रतिनिधियों को यह सामग्री डाइट उदयपुर से कार्यालय समय में आगामी मंगलवार दिनांक 7 जनवरी को वितरित की जाएगी, जिसे प्राप्त कर सीबीईओ संबंधित विद्यालयों को वितरित कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि जिले के राजकीय विद्यालयों में यह कार्यक्रम विगत तीन सत्रों से पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर संचालित किया जा रहा है जिसके तहत प्रति मंगलवार को विद्यालयों में विविध गतिविधियों का आयोजन भी किया जा रहा है।

# समय और अर्थ का सही उपयोग, महिलाओं ने मिलकर बांटे दो सौ फौजी कंबल



● पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** जायंट्स ग्रुप ऑफ़ रॉयल लेडीज की अध्यक्ष निरूपा पटवा ने बताया की ग्रुप के सदस्यों मांतेश्वरी अरोड़ा व श्वेता धुत आदि के सहयोग से सर्दी से बचने के लिय शहर के विभिन्न कुष्ठआश्रम, मानसिक विमंदित केंद्र, सड़क किनारे जरूरतमंद लोगो में 200 कंबल का वितरण किया वितरण में कन्हैयालाल अरोड़ा, आनंद प्रकाश शर्मा, संतोष अरोड़ा, शंकरलाल आदि भी उपस्थित थे। और उन्होंने भी अपने विचार रखे तथा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया उन के द्वारा कुष्ठाश्रम में 50 किलो दाल भी वितरण की गई । सामाजिक सेवा के क्षेत्र में जोधपुर की शास्त्रीनगर निवासी निरूपा पटवा अध्यक्ष जायंट्स ग्रुप ऑफ़ रॉयल लेडीज, जोधपुर के पिछले 5 वर्षो से निरंतर मानवता की सेवा कार्य करने के लिय तत्पर रहता है। संस्थान दिव्यांग लोगो के लिय भी समय समय पर व्हील चेयर, बैसाखी व ट्राय साइकिल आदि का वितरण करती हे कटे हुय हाथ पैर वालो लोगो के कृत्रिम अंग लगवाना व पोलियोग्रस्त आदि को कैलिबर आदि लगवाती है। साथ ही कई संस्थान आदि में भोजन करवाना व सूखी सामग्री, एवं उनकी दैनिक जरूरत की वस्तुओं आदि भेट करने का कार्य करते है। जरूरतमंद परिवार के घर की लड़कियों की शादियों में यथासंभव सहयोग करती है। निरूपा पटवा ने बताया कि वे कोरोना काल से ही सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में व महिला सशक्तिकरण के लिय कार्य करती है। निरूपा पटवा द्वारा अब तक के कार्यकाल में यह ऐसे ही समाज का हर समय हर कार्य सब के साथ करती आई है इस प्रकार के कार्य से समाज में एक अच्छा संदेश देती आई है असहाय, ग़रीब, निर्बल, गरीब, बच्चों को भोजन वितरण और शिक्षा सामग्री के साथ साथ जीव दया और पर्यावरण के क्षेत्र में वृक्षारोपण, नारी सशक्तिकरण, जल संरक्षण एवम सभी क्षेत्रों में लगातार कार्य कर के समय समय पर समाज के उत्थान का कार्य कर रही है।

# बीएन संस्थान-तीन दिवसीय ग्रामीण आवासीय वनशाला शिविर का आगाज

## दो सौ विद्यार्थी ग्रामीण संस्कृति परम्परा व विरासत से होंगे रूबरू




● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय की ओर से सिरोही स्थित पावापुरी विजय पताका धाम में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आयोजित तीन दिवसीय ग्रामीण आवासीय वनशाला शिविर में भाग लेने वाले 200 विद्यार्थियों के दल को शुक्रवार को संस्थान प्रांगण से कार्यवाहक अध्यक्ष कर्नल प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया। मंत्री प्रो.महेंद्र सिंह राठौड़, प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह राठौड़, कुलसचिव डॉ निरंजन नारायण सिंह ने शिविर की सफलता की शुभकामनाएं प्रेषित की। प्रो. सारंगदेवोत ने विद्यार्थियों का आव्हान किया कि वे अपने केरियर की शुरूआत गांवों से करे। भारत कृषि प्रधान देश रहा है और हमारी आत्मा गांवों में निवास करती है, जहॉ हमारी भारतीय, संस्कृति एवं परम्परा की झलक देखने को मिलती है लेकिन आधुनिकता की होड़ में हम इससे दूर होते जा रहे है, इसे बचाये रखा है। गांवों का शहरों की ओर पलायन शुरू हो गया, आज आवश्यकता है इसे रोकने की। इसके लिए ग्रामीण स्तर पर ही रोजगार के अवसर मुहैया कराने होंगे। युवा पीढ़ी को कौशल विकास के पाठ्यक्रमों के साथ शिक्षण प्रशिक्षण देना होगा जिससे वे पढ़ाई पूरी करने के बाद, ग्रामीण स्तर पर भी आत्म निर्भर बन सके। वनशाला प्रभारी डॉ.सीमा शर्मा ने बताया कि तीन दिवसीय शिविर में गांव में सर्वेक्षण कार्य, जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक इत्यादि का मंचन किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ. खुशबू कुमावत ने बताया कि शिविर के दौरान कैंप फायर एवं कल सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। डॉ नंद किशोर शर्मा एवं डॉ अजयपाल सिंह ने बताया कि 5 तारीख को प्रातः विद्यार्थियों को माउंट आबू का भ्रमण कराया जाएगा।

# तारक गुरु ग्रंथालय में जैन कॉफ्रेंस के सदस्यों की बैठक सम्पन्न

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** राजस्थान जैन कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष के चुनाव के लिए शनिवार को तारक गुरु ग्रंथालय उदयपुर में जैन कांफ्रेंस के सदस्यों की आयोजित मीटिंग में संजय भंडारी को जैन कॉन्फ्रेंस राजस्थान के अध्यक्ष पद पर जीताने का संकल्प लिया । अमर जैन साहित्य संस्थान के अध्यक्ष भंवर सेठ ने बताया कि रविवार को आयोजित इस चुनाव में समाज के प्रबुद्ध पदाधिकारियों सर्व निर्मल जैन पोखरना





प्रदेश अध्यक्ष जैन कॉन्फ्रेंस, रजनी डांगी अध्यक्ष देवेंद्र धाम, उदयपुर, रोशन जी जैन मंत्री श्रावक संघ उदयपुर, सुरेश नागौरी अध्यक्ष श्रावक संघ, गणेश गोखरू अध्यक्ष तारक गुरु संस्थान उदयपुर के अतिरिक्त दिनेश चोरडिया, मांगीलाल वीरवाल, जीवन सिंह सिरोया, प्रवीण पोरवाल, बसंती लाल कोठीफोड़ा, एवं जितेंद्र बाबेल, मंजू सिरोया अध्यक्ष श्राविका संघ, के. एल नलवाया, शिखा सिंघवी पूर्व अध्यक्ष श्राविका संघ, सुमित्रा सिंघवी, अनामिका सेठिया, ज्योति सिंघवी, संदीप बोल्या आदि ने संजय भंडारी को मत एवं समर्थन देने की अपील की। इस अवसर पर सभी मंचासिन अतिथियों ने संजय भंडारी के समाज हित में जारी फोल्डर का विमोचन किया। 300 से भी अधिक समाज के सदस्यों ने बहुत अधिक वोटो से जिताने का संकल्प लिया। सेठ के अनुसार आज उदयपुर में चुनाव देवेन्द्रधाम में होंगे। मंच संचालन स्नेहा बाबेल ने किया।

# ऐतिहासिक उदयश्याम मंदिर पर मंडराता खतरा, वास्तुकला के साथ हो रहा खिलवाड़

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** चांदपोल के बाहर पिछोला झील के किनारे स्थित ऐतिहासिक उदयश्याम मंदिर, जो उदयश्याम घाट का मुख्य आकर्षण है, आज अपनी वास्तुकला की पवित्रता पर गंभीर खतरे का सामना कर रहा है। मंदिर के प्रांगण में, घाट की तरफ़ के मुख्य द्वार के बायीं ओर घाट की तरफ़ एक नया निर्माण–एक छोटा कमरा–बिना किसी योजना और अनुमति के बन रहा है। यह निर्माण न केवल मंदिर की सुंदरता को बिगाड़ रहा है, बल्कि इसके सांस्कृतिक और वास्तुशिल्पीय महत्व को भी चोट पहुँचा रहा है। विश्वगुरु बनने के मार्ग पर चलते भारत में इस तरह की असंवेदनशील और अनियोजित हरकतें बेहद दुर्भाग्यपूर्ण हैं। यह संरचना न केवल मंदिर के दृश्य सौंदर्य (एस्थेटिक ब्यूटी) को बाधित कर रही है, बल्कि फोटोग्राफी और पर्यटकों के लिए इस ऐतिहासिक स्थल के आकर्षण को भी खराब कर रही है।

महत्वपूर्ण सवाल उठते हैं
इस निर्माण को किसने मंजूरी दी?
इसे लागू करने वाला कौन है?
क्या यह निर्माण नगर निगम की अनुमति के बिना हो रहा है? यह हड़बड़ी में किया गया निर्माण वास्तुकला, धरोहर संरक्षण और पर्यटन विकास के प्रति संवेदनहीनता को दर्शाता है। इस भूल को तुरंत सुधारना जरूरी है, और इस ईंट के ढांचे को



हटाकर मंदिर की गरिमा को बहाल किया जाना चाहिए। दो साल पहले, जागरूक नागरिकों ने यशवर्धन राणावत के नेतृत्व में, जो तब होटल एसोसिएशन उदयपुर के संयुक्त सचिव और उदयपुर टूरिज़्म डेवलपमेंट फाउंडेशन के संस्थापक थे, एक आंदोलन शुरू किया। स्मार्ट सिटी सीईओ और नगर निगम को लिखे पत्रों और मंदिर में जनजागरूकता अभियानों के जरिए इस ऐतिहासिक स्थल का बड़े पैमाने पर संरक्षण और मरम्मत की गई। लेकिन आज, कुछ लोगों की लापरवाही और असंवेदनशीलता उस बेहतरीन काम को बर्बाद करने पर तुली है। इस गंभीर मुद्दे पर कई प्रमुख लोगों ने चिंता व्यक्त की है-
यशवर्धन राणावत जो अब बिज़नेस सर्कल इंडिया टूरिज्म के चार्टर अध्यक्ष और होटल एसोसिएशन उदयपुर के उपाध्यक्ष हैं, ने कहा कि यह असावधानी उदयपुर की पर्यटन क्षमता पर सीधा प्रहार है और मंदिर के अस्तित्व व उसकी वास्तु को बिगाड़ने का कृत्य है । यह पर्यटन की दृष्टि से पूर्ण रूप से ग़लत निर्णय व कार्य है । मुकेश माधवानी, बिज़नेस सर्कल इंडिया के संस्थापक, और सुदर्शन देव सिंह कारोही, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष, ने इसे लेकर गहरी चिंता व्यक्त की और तुरंत कार्रवाई की मांग की। मेवाड़ क्षत्रिय महासभा संस्थान के अध्यक्ष बालू सिंह कानावत और शहर कार्यकारिणी के चंद्रवीर सिंह करेलिया ने कहा कि धरोहर स्थलों की रक्षा पर्यटन, संस्कृति और सनातन धर्म के लिए बेहद जरूरी है। ऐसा गैरजिम्मेदाराना कार्य नहीं होना चाहिए । इन जागरूक पदाधिकारियों द्वारा एकजुटता और कार्रवाई की मांग की गई । उदयपुर के सभी जागरूक नागरिक और उपरोक्त संस्थाओं के सदस्य इस मुद्दे पर एकजुट हैं।

नगर निगम और संबंधित विभागों से तत्काल ध्यान देने और उचित कार्रवाई करने की अपील की जाती है। उदयश्याम मंदिर, जो उदयपुर की सांस्कृतिक और वास्तुकला धरोहर का प्रतीक है, को इस तरह के अनियोजित विकास का शिकार नहीं बनने दिया जा सकता। धरोहर हमारी असली पहचान है। इसे सुरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। यह एक जवाबदेही और संरक्षण की मांग है। समय रहते कदम उठाएं, नहीं तो हम अपनी धरोहर के साथ अपनी पहचान भी खो देंगे। ग़ौरतलब है की यह मंदिर देवस्थान विभाग के अधिकार में है ।

# कैट ऑल इंडिया ट्रेडर्स द्वारा व्यापारिक परिचर्चा आयोजित की गई



● पदमावत मीडिया

रिपोर्टः सोनल जैन

**भिंड।** विगत दिवस कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की भिंड इकाई की एक कार्यकारिणी मीटिंग एवं व्यापारिक परिचर्चा गीतांजलि मैरिज गार्डन बद्री प्रसाद की बगिया हाउसिंग कॉलोनी भिंड में आयोजित की गई जिसमें कैट के प्रदेश महासचिव रवि गुप्ता एवं संगठन महामंत्री मुकेश जैन एवं कैट भिंड के प्रभारी मुकेश अग्रवाल उपस्थित रहे। मीटिंग में कैट की महिला शाखा का संगठन बना यानी की भी चर्चा की गई भिंड की कई महिला उद्धमि भी मीटिंग में उपस्थिति रही. परिचर्चा के लिए जिला वाणिज्य कर अधिकारी एच.के. मौर्य उपस्थित रहे। परिचर्चा में व्यापारियों द्वारा वाणिज्य कर एवं जीएसटी से संबंधित अपने कई सवाल और समस्याओं से वाणिज्य कर अधिकारी मौर्य को अवगत कराया, मौर्य ने व्यापारियों के सवालों का संतोष जनक जवाब देते हुए जीएसटी के बारे में भी विस्तार से बताया और कहा कि व्यापारियों को डरने की जरूरत नहीं है कोई भी समस्या हो उसके लिए आप हमसे मिल सकते हैं।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादकः पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. नं.: + 91-95945-42679
e-mail:- padmavatmedia@gmail.com /Web:- padmavatmedia.in (नोटः पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।